हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 जून 2024

06 टिकारी के युवकों को लूटने वाले पकड़ाए...



07 बिजली नहीं मिली तो हम करेंगे चक्काजाम...





### गंभीर बीमारी के मरीज का तत्काल उपचार करें: कलेक्टर

# मौसम में बदलाव से उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा

बीतें दिनों से नर्मदांचल में तीखी धूप और शाम को होने वाली हल्की बारिश से उमस भरी गर्मी लोगों के सेहत के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। वर्षाकाल में इन बीमारियों पर विराम लगाने के लिए जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य महकमें को मरीजों के बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं अन्य बीमारियों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मानसून आने के पहले उमस भरी गर्मी से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिला चिकित्सालय सहित निजी अस्पतालों में उल्टी दस्त आदि बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा नजर आ रहा है। ओपीडी की माने तो प्रतिदिन सभी अस्पतालों में इन मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इतना ही नहीं बारिश के पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण एवं अन्य उपचार भी जारी है। गुरूवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के सभी बीएमओ, स्वास्थ्य कर्मचारी फील्ड में निरंतर सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान उल्टी दस्त, बुखार एवं गंभीर बीमारी के बहुत सारे प्रकरण आते हैं ऐसे प्रकरणों में सभी मरीज का प्राथमिकता से उपचार किया जाए। ग्राम आरोग्य केंद्र में 156 प्रकार की दवाइयां हमेशा उपलब्ध रहे, सभी बीएमओ यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ के दौरान कोई कैजुअल्टी ना हो। दवाइयां की पर्याप्त उपलब्धता रहे, कोई भी डिजास्टर एवं इमरजेंसी आए तो हमेशा अलर्ट रहे । सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र सक्रिय रहे । गंभीर मरीज को एंबुलेंस सुविधा अनिवार्य रूप से मिले। सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी पद स्थापना वाले स्थान पर ही निवास करें। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, उन्होंने बैठक में पल्स पोलियो अभियान, एक्वास कार्यक्रम, टीकाकरण अभियान, सिकल सेल एनीमिया के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 25 जून को समाप्त हुआ है। अब तक जीरो से 5 वर्ष के लगभग सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है। कलेक्टर ने दस्तक अभियान में सभी बीएमओ को सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए और कहां की कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। आम लोगों के मन में वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता का भाव लाया जाए। बच्चों को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र में लाया जाए । आशा कार्यकर्ता एवं उनकी टीम पूर्ण प्राथमिकता से कार्य करें । सभी बच्चों की पोर्टल में एंट्री भी प्राथमिकता से हो जाए । उन्होंने सभी बीएमओ को माह में एक बार आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिशु मृत्यु दर, टीबी मरीजों की अदयतन स्थिति की जानकारी ली, वही मलेरिया से बचाव के लिए सभी बीएमओ को मलेरिया रोधी मच्छरदानी वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन टैबलेट की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक्वास कार्यक्रम की भी समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में स्वास्थ्य विभाग को और भी बेहतर ढंग से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया के लिए की जगह की जा रही जांचों की भी समीक्षा की। बताया गया कि प्रति बीएमओ को माह में 200 से 250 सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की जांच करने का लक्ष्य दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि न केवल केसला अपितु पूरे जिले में सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की जांच प्राथमिकता से की जाए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश देहलवार सहित जिले के सभी बीएमओ उपस्थित रहे।

### बच्चे और बुजुर्गों का स्वास्थ्य पर विपरीत असर

पिछले दिनों से उमस भरी गर्मी और वर्षाकाल में होने वाली बीमारियों का बुजुर्ग एवं बच्चों पर विपरीत असर पड़ रहा है। निजी अस्पताल के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ आरके गक्खर ने बताया कि इस मौसम में बच्चों को बीमारी से रोकने के लिए शुद्ध पानी के अलावा शुद्ध आहार का सेवन कराना चाहिए।

# पीआईसी बैठक के एजेंडा की कॉपी नहीं मिलने से सभापति हुए नाराज

### सभापतियों ने की एजेंडा देने की मांग, सीएमओ बोलीं एजेंडा जारी नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

इन दिनों नगर पालिका में आपसी रार की स्थिति बन रही है, जिसमें कुछ जनप्रतिनिधियों को नगर पालिका की जानकारी रहती है तो कुछ के लिए औपचारिकता की जाती है। शुक्रवार की शाम 4 बजे से नगर पालिका में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया जा रहा है लेकिन इस बैठक में जिन मुद्दो पर चर्चा होना है उसकी जानकारी कई विभागों के सभापतियों को नहीं है। जिसको लेकर इन सभापतियों की टीस सामने आई है। अधिकतर सभापतियों का कहना है कि हमें सिर्फ बैठक की सूचना मिली है, बैठक में जिन मुद्दों पर बात होना है उस एजेंडे की कॉपी भी बैठक के पहले मिलने से बैठक में मुद्दों पर सही चर्चा हो पाएगी। जैसे ही सभापतियों में एजेंडे की कॉपी नहीं मिलने की बात फैलने लगी तो जो कुछ सभापति पहले एजेंडे की कॉपी नहीं मिलने की बात कर रहे थे वो बाद में एजेंडें की कॉपी मिलने की बात करने लगे लेकिन उसको सार्वजनिक करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे। हालांकि इस दौरान नगर पालिका द्वारा किसी को भी एजेंडे की कॉपी नहीं देने की बात नियमों को बताते हुए कर दी गई थी। जब एजेंडें की कॉपी नगर पालिका के विभागों के सभापतियों को नहीं मिलने की बात तूल पकड़ने लगी तो नगर पालिका के अधिकारी नियमों का हवाला देते हुए एजेंडे की कॉपी नहीं मिलने की बात स्पष्टता से सामने रखती आई। इस बीच नगर पालिका के सभी विभागों के सभापति के फोन नगर पालिका के अधिकारियों के पास पहुंचने लगे थे। हालांकि अधिकतर सभापति का कहना है कि हम बैठक में एजेंडे की कॉपी मिलने को लेकर बात रखेगें, जिससे आने वाली बैठकों के पहले एजेंडे की कॉपी मिल सके। नगर पालिका का कहना है कि मप्र नगर पालिका कामज के संचालन की प्रक्रिया नियम 2005 के तहत एजेंडे की कॉपी सभापति को देना जरूरी नहीं बताया गया है। हालांकि इसमें एजेंडे की कॉपी सभापति को देने की मनाही के बारे में भी स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

#### इनका कहना है

पीआईसी की बैठक को लेकर पत्र के माध्यम से सूचना मिली है, बैठक के एजेंडे की जानकारी भी इसके साथ दी गई है। बैठक का एजेंडा पीआईसी के सदस्यों की जानकारी में ही होता है, इसकी जानकारी पहले बता नहीं सकते।
**दीपक बाथव**, सभापति सामान्य प्रशासन

28 जून को नगर पालिका में पीआईसी बैठक की जानकारी के लिए पत्र के माध्यम से सूचना मिली है। लेकिन बैठक में क्या एजेंडा रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। सभापतियों को बैठक के एजेंडें की जानकारी तो पहले से देना चाहिए।
**ईश्वरदास जमींदार**, सभापति राजस्व विभाग

बैठक को लेकर सूचना मिली है, एजेंडे की जानकारी भी कई बार मिली है लेकिन इस बार बैठक का पत्र मिला है। एजेंडे की जानकारी है, एजेंडे की कॉपी को लेकर कुछ नहीं कह पाएगें। नगर पालिका की पीआईसी बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी।
**सरिता प्रदीप अग्रवाल**, सभापति नल जल विभाग

नगर पालिका में पीआईसी बैठक शुक्रवार को है, हमें बैठक को लेकर चिट्ठी मिली है,लेकिन एजेंडा क्या रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। सभापतियों को बैठक के एजेंडें की जानकारी तो पहले से देना चाहिए। जिससे बैठक में सार्थक बात हो सके।
**किरण शिव राठौर**, सभापति, स्वास्थ्य विभाग

नगर पालिका में शुक्रवार को पीआईसी की बैठक है, बैठक के एजेंडें को लेकर सभी सभापति को जानकारी है, बैठक की जानकारी के लिए सबको सूचना दी गई। एजेंड की जानकारी सबको मिलती है।
**अखिलेश खेमचंद चौकसे**, सभापति लोकनिर्माण

नगर पालिका में पीआईसी बैठक को लेकर सूचना मिली है,लेकिन एजेंडा क्या रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। सभापतियों को बैठक के एजेंडें की जानकारी तो पहले से देना चाहिए। अभी तक तो सिर्फ बैठक का पत्र ही मिला है।
**दुर्गेश उईके**, सभापति, खाद्य विभाग

पीआईसी की बैठक की जानकारी मिली है, एजेंडे की कॉपी नहीं होने को लेकर नियम ना होने की बता कही जाती है, लेकिन हम बैठक में बात रखेगें कि आगामी समय से पीआईसी की बैठक की सूचना के साथ एजेंडे की कॉपी भी दी जाए।
**प्रीति शुक्ला**, सभापति महिला बाल विकास

पीआईसी की बैठक का एजेंडा जारी नहीं होता है जब भी बैठक होगी एजेंडा सामने आ जाएगा।
**शीतल भलावी** सीएमओ, नपा

# गृह विज्ञान कॉलेज परिसर में किया पौधारोपण

### एक पेड़ मां के नाम अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार 6 जुलाई तक चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया जा रहा है। गुरुवार को नर्मदापुरम नगर मंडल के गृह विज्ञान महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीतू यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया राहुल सिंह ठाकुर, मंडल अभियान प्रभारी नीरजा फौजदार, सह प्रभारी एवं पार्षद बिंदिया मांझी, पार्षद एवं सभापति निर्मला राय, राजकुमारी मेषकर, प्रेमा पाण्डेय, आरती बैस, पूजा तिवारी, जयबाला निगम, राजेश रैकवार प्राचार्य कामनी जैन सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवीन न्याय संहिता लागू करने की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस महानिदेशक मप्र ने वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नवीन धाराओं के संबंध में गुरूवार को बैठक ली गई। जिसमें नवीन न्याय संहिता लागू किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये गये। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम, पुलिस उप महानिरीक्षक नर्मदापुरम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, समस्त एसडीओपी नर्मदापुरम एवं समस्त थाना प्रभारी नर्मदापुरम उपस्थित रहें।

### जिले में अपराध पर अंकुश के लिए हुई कार्रवाई

जिलेभर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब रेड कार्रवाई के अंतर्गत 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जिसमें आरोपियों के कब्जे से कच्ची महुआ शराब 20 लीटर कीमती 2 हजार रू एवं देसी मदिरा प्लेन 23.22 लीटर कीमती 7 हजार 320 रूपये को जप्त किया गया एवं 15 सीएम हेल्पवलाईन के निराकरण की कार्यवाही की गई। एसपी डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में बुधवार को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब रेड कार्यवाही के अंतर्गत 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जिसमें आरोपियों के कब्जे से कच्ची महुआ शराब 20 लीटर कीमती 2 हजार रु एवं देसी मदिरा प्लेन 23.22 लीटर कीमती 7 हजार 320 रूपये (कुल शराब 43.22 लीटर कीमती 9320/- रूपये) को जप्त किया गया। थाना कोतवाली के गुम इंसान क्रमांक 82/21 में गुमशुदा को ढूंढा । अनुभाग इटारसी के थाना इटारसी पुलिस के द्वारा अवैध रूप से सट्टा लिखते पाए जाने आरोपी ललित साहू पिता खडगराम साहू निवासी मीठा कुआ के पुरानी इटारसी के कब्जे से एक सट्टा पर्ची एक लीड पेन तथा नगद 250 रुपए जप्त कर अप.क्र.436/24 धारा 4 क सट्टा एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है। एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधों को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिना स्टापेज रुकने वाली बसों पर कार्रवाई, 1 परमिट निरस्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परिवहन एवं शिक्षा मंत्री तथा कलेक्टर द्वारा समीक्षा बैठक में बिना स्टापेज रुकने वाली बसों पर कार्यवाही के हेतु दिए गए निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम शहर में बिना स्टापेज किसी भी जगह सड़क पर रुककर सावारी भरने तथा उतारने वाली 4 यात्री बसों को जप्त किया गया था, जिन्हे नोटिस द्वारा परमिट शर्तो के उल्लंघन का लिखित जवाब मांगा गया था, लिखित जवाब प्राप्त होने के उपरांत 3 यात्री बसों का बिना स्टापेज सावारी भरने पर 21000 हजार रुपए का चालान काटा गया तथा 1 यात्री बस क्रमांक एमपी 05 पी 0280 का परमिट निरस्त किया गया। सभी बस संचालकों से लिखित में भविष्य में दोबारा परमिट शर्तो का उल्लंघन न करने का आश्वासन दिया गया, आरटीओ अधिकारी द्वारा सभी बस संचालकों को सख्त हिदायत दिया गया है की परमिट शर्तो के पालन के साथ ही निर्धारित स्टापेज पर ही रुककर सवारी बैठाए तथा उतारे, जिससे बिना कारण जाम को स्थिति न बनें, जब तक सभी बसें निर्धारित स्थान पर रुकना शुरू नही कर देती, तब तक आरटीओ जांच दल द्वारा बसों पर कार्यवाही जारी रहेगी।

# पचमढ़ी में बंदर के काटने से सर्जरी में लगे सवा लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी





पचमढ़ी भ्रमण पर आए पर्यटक को तब पचमढ़ी घूमना महंगा पड़ गया जब बंदर काटने के बाद पर्यटक को एक बड़ी सर्जरी करानी पड़ी। महिला पर्यटक दीपा चौधरी जबलपुर से पचमढ़ी आई हुई थी जहां पचमढ़ी भ्रमण पर उन्हें एक बंदर ने काटा। हमला काफी आक्रामक था जिसके बाद पचमढ़ी में ही प्रथम उपचार किया गया। स्पेशलिस्ट से जांच के उपरांत पता चला कि हाथ की काफी नसें बंदर द्वारा काटने के बाद डैमेज हो चुकी हैं जिसकी एक सर्जरी करानी होगी। सर्जरी में पर्यटक के करीबन सवा लाख रुपए लगे हैं ऐसा उन्होंने बताया।

### बंदरों की समस्या से परेशान हैं नागरिक

पचमढ़ी में इस समस्या को हम लगातार प्रकाशित कर रहे हैं। हालांकि वाइल्डलाइफ एक्ट से लाल मुंह के इन बंदरों को निकाल दिया गया है एक्ट को देखें तो लाल मुंह के यह बंदर अब सामान जानवरों की तरह है। पचमढ़ी में इन बंदरों से काफी परेशानी देखी जा रही है। यह बंदर घरों में घुस जाते हैं पैदल चलने वाले लोगों के हाथ से खाने का समान इत्यादि छीन लेते हैं। सामान छीन लेना या चीज ले जाना सामान्य बात है लेकिन जब इस के दौरान यह बंदर आक्रमण करते हैं और किसी को चोट आती है तो वह बहुत गंभीर मोड़ ले लेती है।

### मप्र किसान कल्याण एवं कृषि विभाग ने जारी किए निर्देश

# मूंग व उड़द के लिए 73 उपार्जन केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उडद का वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समस्त पात्र कृषकों से एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन कार्य हेतु जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन नर्मदापुरम से प्राप्त प्राथमिकता क्रम सूची मे वर्णित संयुक्त भागीदारी गोदामों का जिला स्तरीय उपार्जन समिति से अनुमोदन तथा खंड स्तरीय उपार्जन समिति से भौतिक सत्यापन उपरांत 73 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए है।

उपार्जन संस्था का यह दायित्व होगा कि उपार्जन के पूर्व जांच कर पंचनामा तैयार किया जाए कि उपार्जन हेतु चयनित गोदाम में क्या-क्या भंडारित है एवं उसमें पूर्व से मूंग स्कंध का भण्डारण न हो सुनिश्चित करते हुए तदाशय का पंचनामा एवं फोटोग्राफ लेकर एस.डब्ल्यू.सी. एवं जिला अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाए। उक्त गोदाम में स्थापना कि उक्त उपार्जन नीति मे जारी दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते हुए निर्धारित तिथि 24 जून 2024 से 31 जुलाई 2024 तक उपार्जन कार्य सुनिश्चित कराया जाए।

### शीघ्र किसानों से उपार्जन कार्य कराए जाएं

कलेक्टर सोनिया मीना ने तदाशय के निर्देश उप संचालक कृषि जेआर हेडाउ को दिए साथ ही बैठक कि निर्धारित समयावधि में किसानों से उपार्जन का कार्य कराया जाए। बताया गया कि समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उडद का वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समस्त पात्र कृषकों से एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन कार्य हेतु तहसील नर्मदापुरम अंतर्गत रैसलपुर में, सिवनीमालवा तहसील अंतर्गत ग्राम दमाडिया में 4, मज्काखेड़ी, शिवपुर में 2, भिलाड़िया, ग्राम चौतलाय में 2, ग्राम थुआ, भरलाय, चतरखेड़ा, ग्राम बनाड़ा में 2, ग्राम गाडरिया, भमेड़ी, नंदरवाड़ा, सोमलवाड़ा, कहारिया, खुटवासा, खापरखेड़ा में 2, सांडिया, राईखेड़ी, भौखेड़खुर्द, मछेराकला, समनापुर तथा तहसील बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पलिया पिपरिया, वाहनवाड़ा, दहलवाड़ा एवं बनखेड़ी में केन्द्र स्थापित किए गये हैं। नर्मदापुरम अंतर्गत उन्दाखेडी, फेफरताल, कुलामडी, सावलखेडा, ब्यावरा, डोलरिया तहसील के अंतर्गत ग्राम गुनौरा, डोलरिया, डुडू गांव, डोलरिया, बेहराखेडी, डोलरिया, सोनखेडी, इटारसी के अंतर्गत ग्राम केसला, डोलरिया, सनखेडा, रैसलपुर, सौठिया, रैसलपुर, सिवनीमालवा के अंतर्गत ग्राम भिलाडिया, परसवाडा, चौतलाय, हरपालपुर, चापडाग्रहण, विसोनी कलां, खपरिया, तीली आंवली, धरमकुण्डी, भांगिया, बराखड तथा सोहागपुर अंतर्गत सेमरी हरचंद, पांजरा, सेमरीहरचंद, शोभापुर, अजनेरी, रेवामौहारी, झिरमटा, पिपरिया के अंतर्गत खापरखेडा, रामपुर एवं मरकाढाना को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है।

# अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहे 7 डंपर जब्त, पुलिस व खनिज टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन/ भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि 27 जून को परिवहन एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पगढाल टोल के पास रेत का अवैध परिवहन करते हुये 07 डम्पर क्रमशः क्रं. एमपी 47 जेडए9036, एमपी 12 जेडडी 8999, आरजे 09 जीई 2140, एमपी 09 एचएच 3869,एमपी 09 एचजे 0105, एमपी 09 एचजी 8231,एमपी 09 एचजे 1141 को मौके से जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा में सुरक्षार्थ खड़े किये गये हैं। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक परिवहन संतोष मिश्रा , क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान, दिवेश मरकाम खनि अधिकारी, कृष्णकांत सिंह परस्ते प्रभारी खनि निरीक्षक, हेमन्त राज खनिज सिपाही तथा पुलिस एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जब्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत पोल पर चढ़ा युवक करंट से झुलसा

**बैतूल।** एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक विद्युत के पोल पर चढ़ गया था। उसे जोरदार करंट लग गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक लोभेकर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मंडाढाना गुरुवार सुबह 9 से 10 बजे के आसपास अशोक घर से घूमने के लिए निकला था और गांव के पास स्थित बिजली के खंभे पर चढ़ गया। इसके बाद अशोक को अचानक बिजली के खंभे से जोरदार करंट लग गया और युवक खंभे से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया जिसमें युवक गले से लेकर कमर तक बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद गांव के लोगों ने युवक को वहां झुलसी हुई हालत में पड़ा हुआ देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। इसके बाद परिजन युवक को गंभीर हालत में प्राइवेट वाहन की सहायता से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया है। युवक के परिजनों ने बताया कि अशोक की शादी 10 साल पहले हुई थी और उसके चार बच्चे भी हैं। अशोक की कुछ समय से मानसिक हालत ठीक नहीं है। वह अजीब अजीब सी हरकतें करता रहता है। फिलहाल घायल युवक को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां पर डॉक्टरों द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है।

### जन परिषद का 35 वां वार्षिक समारोह 30 को

**बैतूल।** अग्रणी संस्था जनपरिषद का 35 वा वार्षिक समारोह सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ऋषि शुक्ला, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा, पूर्व डीजीपी डी.पी. खन्ना, पूर्व डीजीपी एन.के. त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी महान भारत सागर, पूर्व आईएएस अजात शत्रु श्रीवास्तव, एस.के. मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, जी.पी. श्रीवास्तव, आईएफएस अखिलेश अर्गल, मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर, मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी प्रगति सेठ एवं मिसेज वर्ल्ड वाइड भूमिका सिंह की विशिष्ठ उपस्थिति में, आगामी 30 जून को शाम चार बजे, स्टेट म्यूजियम श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित किया गया है।

### प्रयोगशाला उपकरणों से रूबरू हुए विद्यार्थी

**शाहपुर।** विदित हो कि शासकीय महाविद्यालय शाहपुर एवं पद्मावती महाविद्यालय पूंजी, चोपना के मध्य उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं नवीन शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के उद्देश्य से एमओयू किया गया है, ताकि दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं कुशलता प्रदान की जा सके। इसी एमओयू के तहत शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में पदस्थ डॉ. शीतल चौधरी के द्वारा पद्मावती महाविद्यालय पूंजी के विद्यार्थियों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

---

नानी के घर पैदल जा रही नाबालिग को एंबुलेंस में बैठाकर घर ले गया चालक

# 108 एंबुलेंस के चालक ने अपने घर में नाबालिग से किया दुराचार, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नाबालिग बालिकाओं के साथ जिले में छेड़छाड़-अपरहण और दुराचार के मामले नई बात नहीं है। हाल ही में एक और मामला कोतवाली थाने के अंतर्गत सामने आया जहां नानी के घर पैदल जा रही बालिका को छोड़ने के बहाने एम्बुलेंस चालक अपने घर ले गया और यहां उसके साथ बेल्ट से मारपीट की। एम्बुलेंस चालक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे तीन दिन बाद 50 रुपए देकर बस स्टैंड पर छोड़ दिया। कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। इस मामले में एसपी निश्छल झारिया ने बताया कि धारा 363-अपहरण, 342-गलत तरह से बंधक बनाना, 376 दुराचार, पास्को एवं एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय नाबालिग जिसकी मां का निधन हो चुका है और पिता ने दूसरी शादी कर ली। 15 जून को यह नाबालिग किराये के लिए पैसे न होने के कारण नानी के घर जाने की आधी दूरी बस से तय करती है और आधी दूरी पैदल ही तय करने निकल पड़ती है। नाबालिग को रास्ते में 108 एम्बुलेंस का चालक महेन्द्र गिरी गोस्वामी ने शाम होने के कारण एम्बुलेंस से घर छोड़ने के लिए कहा। नाबालिग के मना करने बाद भी एम्बुलेंस चालक उसे सुरक्षित पहुंचाने का भरोसा दिलाकर एम्बुलेंस में बिठाता है। कुछ दूरी तक जाने के बाद वह किशोरी को पत्नी की मौत हो जाने, दो बच्चे होने और उससे शादी करने के लिए कहता है। नाबालिग के मना करने पर एम्बुलेंस से उसे नानी के घर छोड़ने की बजाय अपने घर ले जाकर मारपीट की। यहां आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ बेल्ट से भी मारपीट की गई और दुराचार जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया। नाबालिग को एम्बुलेंस चालक ने घर से बाहर जाने पर पेट्रोल डालकर जलाने, काट देने आदि धमकी देकर तीन दिन तक अपने घर में रखा। नाबालिग ने आरोपी के काम पर जाने के बाद घर से भागने की भी कोशिश की लेकिन उसकी मां द्वारा उसे रोक लिया जाता था। तीन दिनों में नाबालिग दो बार दुष्कृत्य की शिकार हुई। आरोपी द्वारा 18 जून को नाबालिग को 50 रुपए देकर बस स्टेण्ड पर छोड़ दिया गया। 24 जून को नाबालिग पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत करती है। शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में लेकर न्यालय में पेश कर जेल भेज दिया जाता है।



### ऐसे आरोपी चंगुल से आजाद हुई पीड़िता

पीड़िता ने बताया कि 18 जून को जब आरोपी सुबह सो रहा था उसने आरोपी के बेटे से मोबाइल का पासवर्ड खुलवाकर अपने भाई को कॉल किया और भाई को अपनी लोकेशन भेजी। आरोपी के जागते ही उसने बता दिया कि भाई को लोकेशन भेज दी है वह किसी भी समय पुलिस को लेकर आ जाएगा। जिससे डरकर आरोपी एम्बुलेंस चालक ने पीड़िता को बस स्टैंड पर बस में बिठाया। गौरतलब है कि किशोरी यहां से सीधे नानी के घर जाती है और बदनामी के डर से कही शिकायत भी नहीं करती। लेकिन 23 जून की रात में जब बुलेरों क्रमांक एमपी 48 सी 3881 में आरोपी के साथ 5-6 लोग गांव में पहुंचकर पीड़िता के बारे में पूछताछ करते है तो वह इस डर से की कहीं दोबारा उसका अपहरण न कर ले वह अगले दिन 24 जून को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराती है। इस पूरे मामले में कोतवाली पुलिस ने तत्परता से 108 एम्बुलेंस के चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### अब एम्बुलेंस भी सुरक्षित नहीं!

*इस पूरे मामले में एक और बात ध्यान देने वाली है कि एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन सेवा देने वाले वाहन में भी यदि अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है तो यह चिंताजनक है। अक्सर एम्बुलेंस में सवारी ढोने, शराब परिवहन जैसे भी मामले जिले में सामने आए है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को भी इस ओर गंभीरता दिखाते हुए सभी चालकों का आपराधिक रिकार्ड एवं अन्य जरूरी जानकारी रखने के साथ एम्बुलेंस चालकों को हिदायत देने की जरूरत है।*

### जेल भेजा है

363, 342, 376, पास्को, एससी एसटी एक्ट सभी धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है, आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

**निश्छल झारिया,** एसपी बैतूल.

---

पुलिस ने लूट का सामान भी किया जब्त

## टिकारी के युवकों को लूटने वाले पकड़ाए, कत्ल ढाना में हुई थी वारदात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

टिकारी के तीन युवकों के साथ एक महीने पहले शहर के कत्ल ढाना में हुई लूट के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमे एक अपचारी बालक भी शामिल है।जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। लूट को अंजाम देने वाले युवकों से लूटे गए मोबाइल बरामद कर लिए गए है। घटना गंज थाना इलाके में हुई थी। नगर निरीक्षक रविकांत डेहरिया ने बताया कि पिछले 19 मई की रात टिकारी निवासी युवक दुर्गेश मालवी (29) ने शिकायत की थी की वे रात करीब 11 बजे अपने दोस्त शुभम ठाकरे,योगेश मालवी के साथ टिकारी से कत्लढाना अपने दोस्त विशाल मालवी को छोडने गये थे। कत्लढाना मैदान में पानी की टंकी के पास हम लोगों को अज्ञात 4 लडके मिले। जिन्होंने हमारे साथ बिना कारण मारपीट शुरू कर दी। उन लोगो ने मेरा स्क्रीन टच मोबाइल व मेरे गले की एक चांदी की चौन, मेरे दोस्त शुभम ठाकरे का एक स्क्रीन टच मोबाइल एक स्मार्ट वाच, योगेश मालवी का एक स्क्रीन टच मोबाइल का तथा कान की बाली छीन कर ले गये। इस पर लूट का मामला दर्ज किया गया था।

### ऐसे पकड़ाए आरोपी

टी आई के मुताबिक इस वारदात के बाद उन्होंने सब इंस्पेक्टर अजय रघुवंशी, हेड कांस्टेबल अतुल शर्मा , मयूर, अनिरूध्द, नरेन्द्र, रूपाली और मनोज की एक टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू की। टीम ने इस इलाके में रहने वाले बदमाशों की जानकारी जुटाई और तलाश की तो आरोपी यश पिता राजु राने (19) . सुभाष स्कुल के सामने दुर्गा वार्ड ,दीपक पिता ज्ञानराव मालवीय (21) ईसाई चौक और एक विधि विरूध्द बालक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। तीनो के पास से एक-एक मोबाइल जब्त किया गया है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी अमन घटना दिनांक से फरार हो गया है। जिसकी तलाश पतारसी की जा रही है। आरोपियों को गुरुवार कोर्ट के सामने पेश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

---

## मध्यप्रदेश फार्मर्स सब्सिडी ट्रैकिंग सिस्टम पर पंजीयन कर उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लें किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

उद्यानिकी विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उद्यानिकी उत्पादक किसानों को दिलाए जाने के लिए मैदानी अमले द्वारा प्रचार-प्रसार कराए जाने के निर्देश प्रदान किए है। इस बारे में उप संचालक ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए बेवसाईड पद मप्र फार्मर सब्सिडी ट्रैकिंग सिस्टम पर किसानों का पंजीयन कराना होगा। उद्यानिकी फसलों की खेती प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी दी जाएगी। उद्यानिकी विभाग के उप संचालक ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण की मंशा अनुसार वर्ष 2024-25 हेतु एवं संचालनालय, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बैतूल जिले के लिए लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है। जिले के उद्यानिकी उत्पादक किसानों को विभिन्न योजना घटकों में प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु मैदानी अमले द्वारा प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक आवेदन कराए जाने के निर्देश दिए गए है। सब्सिडी के लिए पोर्टल में किसानों का पंजीयन कार्य प्रारंभ है। पोर्टल पर पंजीयन कराने वालों में से लॉटरी के माध्यम से उन किसानों को चुना जाएगा, जिन्हें सब्सिडी दी जानी है।

### उद्यानिकी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने दी जाएगी सब्सिडी



*उद्यानिकी फसलों की खेती प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी दी जाएगी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में इन योजनाओं का क्रियान्वयन मप्र फॉर्मर सब्सिडी ट्रैकिंग सिस्टम (एमपीएफएसटीएस) पोर्टल में पंजीयन से ही किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए ईमेल पर मप्र फार्मर सब्सिडी ट्रैकिंग सिस्टम पर किसानों को पंजीयन कराना होगा। पोर्टल पर लॉगइन कर कृषक पंजीयन के बाद योजना में आवेदन कर संचालनालय द्वारा लॉटरी में चयनित कृषक शासन के मार्गदर्शी निर्देश एवं प्रावधान अनुसार लाभ दिया जाएगा। इस पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों को फसल उत्पादन, प्रसंस्करण, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, सिंचाई, यांत्रिकरण, क्षेत्र विस्तार आदि के उपयोग में आने वाले उपकरणों पर सब्सिडी दी जाती है। किसानों को डेढ़ लाख रुपए तक की सब्सिडी मिल जाती है।*

### उद्यानिकी विभाग की योजनाएं

उप संचालक उद्यान ने किसानों को उद्यानिकी विभाग में संचालित योजनाएं जैसे राज्य योजना- फल क्षेत्र विस्तार संतरा, मसाला क्षेत्र विस्तार-हल्दी, अदरक, धनिया, एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना-फल क्षेत्र विस्तार-आम, काजू, सब्जी क्षेत्र विस्तार, खरीफ प्याज, मसाला क्षेत्र विस्तार, पुष्प क्षेत्र विस्तार, जैविक खेती-वर्मी खाद इकाई, फसलोपरांत प्रबंधन-पैक हाउस, संरक्षित खेती-प्लास्टिक मल्चिंग, शेडनेट हाउस, उच्च कोटि की सब्जियों की खेती, उद्यानिकी यंत्रीकरण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-ड्रिप, मिनीध्माइक्रो स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर में आवेदन कर योजना का लाभ लिए जाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक कृषक अपने विकासखंड के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी एवं क्षेत्र के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी से संपर्क कर योजना में लाभान्वित हो सकते है।

---

## जन्म-मृत्यु पंजीयन-इकाइयों के प्रभारी अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को को कलेक्ट्रेट सभागार में जन्म-मृत्यु के प्रभारी अधिकारियों का एक दिवसीय पंजीयन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

जिला योजना अधिकारी की उपस्थिति में जनगणना निदेशालय के भूपेन्द्र श्रीवास्तव एवं तकनीकी सहायक शुभम जैन द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन के नवीन वेबसाइट पर शहरी क्षेत्र जन्म-मृत्यु पंजीयन इकाइयों के प्रभारी अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के जन्म-मृत्यु से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जिला योजना अधिकारी संतोष पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण में जन्म-मृत्यु पंजीयन कराना क्यों आवश्यक है एवं नवीन जन्म-मृत्यु के पोर्टल से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पोर्टल से संबंधित आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। नए पोर्टल पर कई नए फीचर्स डाले गये है, जो आम जनता के लिए फायदेमंद साबित होगे। पंजीयन संबंधी जरूरी प्राथमिकताएं पूरी करने के बाद पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर ई मेल पर प्रमाण पत्र की प्रति प्राप्त की जा सकती है। जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक-2023 के अनुसार पोर्टल से जारी डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र नागरिकों के लिए शैक्षिक प्रवेश, सरकारी नौकरियों, पासपोर्ट शासकीय योजनाओं के लाभ हेतु एकल दस्तावेज एकमात्र निर्णायक प्रमाण का काम करेगा।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित होगा प्रशिक्षण

पटेल ने बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण शहरी क्षेत्र जन्म-मृत्यु पंजीयन इकाइयों के प्रभारी अधिकारियों को दिया गया है। शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्रों की जन्म मृत्यु पंजीयन इकाइयों ग्राम पंचायतों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी समय में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में संतोष पटेल जिला योजना अधिकारी, राकेश आहुजा जिला जन्म-मृत्यु प्रभारी, देवेश सूर्यवंशी, अनिल देशमुख, करण खंड़ाग्रे, राजेश साव आदि रहे मौजूद।

---

गायब हुई सड़कें बचे हैं गड्ढे ही गड्ढे

## ससुंदरा चेक पोस्ट की बर्बाद सड़के बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ससुंदरा आरटीओ चेक पोस्ट की एप्रोच रोड सड़के वाहन चालको के लिए गंभीर संकट बन गई है। भारी वाहनों का इन सड़कों में पड़े बड़े-बड़े गढ़ों को पार कर दूसरी ओर जाना चुनौती बन गया है।

ड्राइवर बताते हैं कि आरटीओ के इस भाग में सड़क खोजना अत्यंत कठिन हो गया है गड्ढे हैं सड़क गायब। यह स्थिति मुलताई से बैतूल की ओर जाते चेक पोस्ट को पार करते समय और बैतूल से मुलताई की ओर आते वक्त दोनों ओर है। आरटीओ चेक पोस्ट के दोनों ओर बनाई गई सड़क आगे जाकर नेशनल हाईवे से मिल जाती है किंतु भारी वाहनों को वजन करने के लिए तौल काटो से गुजरना आवश्यक है। जहां यह एप्रोच सड़के बनी हुई है वहीं पर छोटी चाय की दुकान, पानी ठेले पंचर की दुकान भी लगी हुई है और सबसे अधिक दिक्कत इन व्यापारियों की है। व्यापारी बताते हैं कि जैसे ही बर्बाद हुई सड़कों से भारी वाहन



गुजरते हैं व्यापारी अपना मुंह छुपा लेते हैं क्योंकि इन सड़कों के पत्थर भारी वाहनों के टायर के संपर्क में आकर बंदूक की गोली की रफ्तार से व्यापारियों की ओर आते हैं जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

### गड्ढों में फंसकर टूट गए अनेक वाहन

राहुल नरवरे बताते हैं कि पहले सड़के थोड़ी-थोड़ी खराब हुई थी तो किसी तरह भारी वाहन इन सड़कों के गड्ढो से निकल जाया करते थे किंतु अब इन गड्ढो का आकार इतना बड़ा हो गया है कि इसमें अनेक वाहन फंसकर दो भागों में टूट जाते हैं। कई वाहनों के सस्पेंशन पट्टे टूट जाते हैं। और ड्राइवरो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।अनेक बार मार्ग अवरुद्ध होने पर गड्ढे में फस कर खराब हुए वाहनो को दूसरे वाहनों से खींचकर साइड में लगाना पड़ता है।

---

## ग्राम डहुआ व खंबारा टोल पर हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना

**मुलताई।** बीती रात नेशनल हाईवे खंबारा टोल के पास एवं ग्राम डहुआ के पास दो अलग-अलग मोटरसाइकिल दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए । घायलों को मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम डहुआ के पास देर रात अचानक से एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सवार तीन लोग गिरकर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बरखेड़ निवासी कालूराम पुत्र डोम खवसे जो की अपने नाती और नातन के साथ वापस अपने गांव बरखेड़ जा रहे थे। कि तभी अचानक ग्राम डहुआ के पास उनकी बाइक के सामने कुत्ता आ गया। जिसके चलते उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे तीनों गिरकर घायल हो गए।



दो अलग-अलग दुर्घटना में चार घायल

सड़क दुर्घटना की सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस पर तैनात ईएमटी दीपक पाल एवं पायलट राकेश नागवंशी मौके पर पहुंचे और घायलों को मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। कालूराम की हालत गंभीर होने पर उन्हें परिजनों द्वारा नगर के निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया।

### खंबारा टोल पर डिवाइडर से टकराई बाइक

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात खंबारा टोल के पास एक मोटरसाइकिल सवार की मोटरसाइकिल और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। मोहनेश पुत्र भगवंतराव निवासी आमला जो की नागपुर की ओर जा रहा था। तभी अचानक खंबारा टोल के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। जिसके चलते वह गिर गया और उसे गंभीर रूप से चोट आई।

---

तोरण वाड़ा से आमला पहुंच मार्ग एक घंटे रहा बंद

## झमाझम बारिश के चलते उफान पर कुडमुड़ नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

गुरुवार दोपहर बाद आमला शहर में रिमझिम तो अंचल के ग्रामों में झमाझम बारिश होने के समाचार है। मिली जानकारी के अनुसार तोरण वाड़ा से आमला पहुंच मार्ग स्थित कुडमुड़ नदी चंद मिंटो की झमाझम बारिश से उफान पर आ गई । जिससे आवागमन प्रभावित हो गया वहीं दोनो ओर छोटे बड़े वाहन सहित लोगों की कतार लग गई । वहीं



लोगों का आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हो गया। प्रत्यक्षदर्शी रामकिशन पंवार ने बताया शहर में हुई रिमझिम बारिश को दृष्टिगत रख मोटर साईकिल से अपने गांव खापा खतेड़ा जाने को निकला था। चंद्रभगा नदी में तो पानी का बहाव कम था जैसे ही कुडमुड नदी पहुंचा तो वहा लगी लोगों की कतार एवं उफनती कुडमुड़ नदी को देख मेंने आमला वापस आना ही उचित समझा । बही किशोरी देवडे, प्रहलाद सोनपुरे आदि ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया आमला बोरदेही जाने के लिए यह एक प्रमुख मार्ग है कुडमुड़ नदी पर लगी रेलिंग की ऊंचाई कम है वहीं एक छोर की रेलिंग बीते लंबे समय से टूटी पड़ी है जिस कारण कभी भी दुर्घटना घटित होने की संभावना है बावजूद प्रशासन का इस और ध्यान नहीं है। वहीं क्षेत्र में शुरू झमाझम बारिश के बाद भी बाड़ आपदा प्रबंधन दल की कोई व्यवस्था नहीं है यह बात एक गंभीर प्रश्न का विषय है।

---

## ड्रीमलैंड सिटी की जांच के लिए कलेक्टर ने कमेटी की गठित

### 30 दिनों में प्रस्तुत करेगी रिपोर्ट

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अवैध कॉलोनी एवं बिल्डर द्वारा कॉलोनी निर्माण में की गई अनियमिताओं के प्रति गंभीर रुख अख्तियार किया है। इसी अनुक्रम में उन्होंने मुलताई स्थित ड्रीमलैंड सिटी कॉलोनी के निर्माण में अनियमितता संबंधी प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु पांच सदस्य समिति का गठन किया है। एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में यह जांच दल शिकायत की बिंदुवार जांच कर, आदेश जारी होने की तिथि के 30 दिन के भीतर 12 जुलाई तक कलेक्टर के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा गत वर्ष मुलताई स्थित ड्रीमलैंड सिटी के निर्माण में की गई नियमिताओं की शिकायत करते हुए बिंदुवार आवेदन प्रस्तुत किया गया था। विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन के आचार संहिता एवं निर्वाचन प्रक्रिया में व्यस्तता के बाद कलेक्टर द्वारा लंबित प्रकरणों पर कारवाई के निर्देश दिए गए हैं। विधायक श्री देशमुख द्वारा उल्लेखित बिंदुओं पर जांच के लिए उक्त कमेटी गठित की गई है। पांच सदस्यीय इस जांच दल में एडीएम श्रीवास्तव के अलावा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण एवं सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश बैतूल को शामिल किया गया है।

### बिजली दफ्तर के सामने कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

# बिजली नहीं मिली तो हम करेंगे चक्काजाम, चाहे जाना पड़े जेल

कई घंटे बिजली नहीं मिलने, बढ़े हुए बिल आने, बिजली अधिकारियों द्वारा टेलीफोन नहीं उठाने, मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली नहीं देने जैसी समस्याओं से परेशान हो रहे नागरिकों के लिए कांग्रेस गुरुवार को आगे आयी और बिजली कंपनी के दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

कांग्रेस ने बिजली अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन है, यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो हम चक्काजाम करेंगे चाहे इसके लिए हमें जेल भी क्यों न जाना पड़े। हालांकि बिजली अधिकारियों के अपने अलग ही तर्क है, उन्होंने कांग्रेस की हर बात का अपनी दलीलें पेश कर जवाब दिया और कांग्रेस के किसी आरोप को सही नहीं माना। गुरुवार सुबह बिजली दफ्तर पीपल मोहल्ला के सामने कांग्रेसियों का सुबह 11 बजे से जमावड़ा शुरु हो गया था।

दो से तीन दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ता इस दौरान एकत्र हुए और बिजली कंपनी तथा सरकार के खिलाफ बिजली नहीं देने पर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसी अपने साथ कुंभकर्ण का पुतला लेकर आये थे और उसे जगाने के लिए उसके आसपास मोमबत्ती जलायी, ढोल बजाया और बिजली कंपनी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आंदोलन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला महासचिव गौरव चौधरी, एनएसयूआई प्रदेश सचिव प्रतीक मालवीय, जिला अध्यक्ष मयंक चौरे, सर्वप्रीत भाटिया, हिमांशु बाबू अग्रवाल, विक्रमादित्य तिवारी, प्रणीत मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश साहू, संजय गोठी, लखन बैस, अजय मिश्रा, मधुसूदन यादव, पवन बोहरा, नारायण ठाकुर, नरेश चौहान, नीलेश मालोनिया, एनएस चौहान, संजय नगरिया, संजय धर, देवी मालवीय, राहुल दुबे, पार्षद दिलीप गोस्वामी, सीमा भदौरिया, अमित कापरे, संजय ठाकुर, पप्पी कलोसिया, मोनी चंद्रवंशी, अभिषेक साहू, अभिषेक ओझा, उत्सव दुबे, सजल जायसवाल, सोनू बकोरिया, दीपक नाथ, विशाल बड़कुर, रोहित राजपूत, नितेश सोलंकी, युवराज चौधरी, अनिमेष यादव आदि उपस्थित थे।



#### ये लगाये आरोप

बिजली कंपनी से उच्च स्तर पर घटिया उपकरण खरीदी, बिजली कई घंटे गुल होने पर भी अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाने, कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने, बिजली कार्यालय आने वाले उपभोक्ता की शिकायत नहीं सुनकर टेलीफोन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने का कहकर भगा देने, बढ़े हुए बिजली के बिल देने, मेंटेनेंस के बावजूद बार-बार कटौती करने जैसे आरोपी कंपनी के अधिकारियों पर लगाये और इनमें सुधार की मांग के साथ चेतावनी भी दी। बिजली अधिकारियों को मोमबत्ती भी भेंट की।

#### कुंभकर्ण का पुतला जलाया



कांग्रेस कार्यकर्ता अपने साथ कुंभकर्ण का पुतला बनाकर लाये थे। बिजली कार्यालय के सामने पुतले को लिटाकर उसके आसपास मोमबत्ती जलायी गई और ढोल बजाकर उसे जगाने का प्रयास किया। कांग्रेस का यह प्रतीकात्मक विरोध बिजली कंपनी को कुंभकर्ण बताने के लिए रहा। बाद में कांग्रेस ने कार्यालय के गेट पर ही पुतला दहन कर के नारेबाजी की, मुख्यमंत्री के खिलाफ भी नारेबाजी की। यह सब बिजली अधिकारियों और पुलिस के सामने चलता रहा।

#### मेंटेनेंस के बावजूद कटौती हो रही

पिछले वर्ष भी हमने आंदोलन किया था। कुछ दिनों के लिए सुधार हुआ था। अभी मेंटेनेंस के बावजूद कटौती हो रही है। अधिक देर बिजली नहीं रहती तो अधिकारी जवाब नहीं देते, बल्कि कई बार तो फोन भी नहीं उठाते। यदि सुधार नहीं हुआ तो हम चक्काजाम करेंगे चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों न जाना पड़े।

**मयूर जायसवाल,** अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी

कटौती नहीं की जा रही है, दरअसल मानसून पूर्व रख रखाव के लिए बिजली बंद की गई थी, ताकि बारिश के दौरान अधिक परेशानी नहीं आये। सबके नंबर सार्वजनिक हैं, मैं स्वयं मॉनिटरिंग करता हूं और समस्या का निदान करते हैं। उपकरण खराब नहीं हैं, गर्मी बहुत ज्यादा पड़ी है, खपत बढ़ी है तो बिल भी बढना स्वभाविक है।

**अंकुर मिश्रा,** डीजीएम बिजली कंपनी

## प्रतिमा के साथ तीन युवकों ने की छेड़छाड़ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनखेड़ी



बनखेड़ी के ग्राम डूमर में हनुमान चबूतरे पर हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान थी। जहां बुधवार शाम को ग्राम के ही तीन युवकों ने चबूतरा से हनुमान जी की प्रतिमा नीचे फेंक दी। जानकारी के अनुसार युवकों ने उसे स्थान पर अंबेडकर मूर्ति लगाने की मंशा को लेकर हनुमान जी की मूर्ति वहां से हटा दी। ग्राम डूमर मे पेड़ के नीचे चबूतरा से हनुमान जी की मूर्ति को फेकने का वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद ग्राम एवं आसपास के धार्मिक संगठनों एवं नागरिकों में आक्रोश फैल गया, ग्राम डूमर में बुधवार शाम को लोगों ने इसका विरोध किया तो राजनीति गर्मा गई विरोध करने वाले संत श्री श्री 1008 महंत श्री गोपाल दास जी त्यागी सीताराम आश्रम उमरधा, चांदौन गौशाला उमरधा एवं नीरज पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बजरंग सेना को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनखेड़ी रमेश पटेल ने यह कह दिया कि तुम सांसद के करीबी हो एवं विवाद को उकसाने का आरोप लगा दिया। जिसको लेकर धार्मिक संगठनों एवं राजनीतिक दल के पदाधिकारी में ठन गई। घटना के विरोध में बजरंग सेना ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बनखेड़ी थाने में ज्ञापन सौंपा। बनखेड़ी थाना प्रभारी सुधाकर बरस करने बताया कि ग्राम के तीन युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसमे आरोपी छोटेलाल पिता प्रहलाद हरिजन उम्र 23 मनोज पिता दशरथ हरिजन, उम्र 29 गनेश पिता शंकर हरिजन उम्र 45 तीनों निवासी ग्राम डूमर के द्वारा मूर्ति को उठाकर फेंककर लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध धारा 295A, 34 ipc के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। लोगों का कहना है कि इस मंदिर हनुमान चबूतरे के पास मांस एवं शराब की दुकान है जिसको पूर्णता बंद करना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में संत गोपाल दास बैरागी सीताराम आश्रम,भाजपा नेता सतपाल पलिया, रामेश्वर जरारिया, मुकेश चौधरी, कमल कुमार राय, पिंटू विश्वकर्मा, हरगोविंद कुशवाहा, छोटू कहार, कोशल पटेल, साहब सिंह चौधरी, रविंद्र कुशवाहा एवं दर्जनों लोग थाने पहुंचे एवं ज्ञापन दिया।

#### लापरवाही को दे रहे आमंत्रण...



**सेमरी हरचंद।** नगर में आजकल पिकअप ट्रैक्टर ट्राली में मजदूरों को भरकर वाहन चालक लापरवाही से वाहन चालक दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं प्रशासन की आंख के नीचे यह सब हो रहा है जिम्मेदार अनभिज्ञ।

#### एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में आवेदन 5 तक

**नर्मदापुरम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा विकासखंड केसला में कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 वीं की कक्षाओं की रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए आवेदन 5 जुलाई तक आमंत्रित किए गये हैं। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि छात्र अपने आवेदन पत्र सादे कागज पर निर्धारित दस्तावेज सहित विद्यालय के कार्यालय में जमा कराए। छात्रो का शाला में प्रवेश चयन प्रक्रिया के आधार पर होगा।

## जांच में अजनेरी की इंडस्ट्रीज का पानी मिला अमानक

### पानी पाउच का मामला पहुंचा एसडीएम कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर





विकासखंड के अजनेरी गांव में संचालित गणपति इंडस्ट्रीज में बन रहे पानी के पाउच अमानक स्तर के निकले हैं प्रतिनिधि द्वारा अमानक और एक्सपायरी डेट के बिक रहे पानी के पाऊच की खबर प्रकाशित की थी जिसके बाद मई माह में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम में फैक्ट्री में जाकर पाउच के नमूने लिए थे। जिसे जांच के लिए भोपाल की लैब में भेजा गया था इसके पूर्व भी अक्टूबर 2023 में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पानी से भरे 2400 पाउच जप्त किए थे जिस जांच में पाया गया कि पानी में कैल्शियम की मात्रा कम है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने प्रकरण बनाकर मामला एस डी एम कोर्ट में दायर कर दिया है। फैक्ट्री में पानी के अमानक पाउच बनाकर खुलेआम बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। लोगों की सेहत से भी खिलवाड़ हो रहा था शादी पार्टी सहित विभिन्न रैलियों में पानी के पाउच बड़ी मात्रा में उपयोग किए जाते हैं। ऐसे में एक फैक्ट्री लगाकर स्वयं लाभ कमाते हुए ऐसा गलत कार्य किया जा रहा था। इस मामले में लोगों की सेहत से खिलवाड़ हुआ है फैक्ट्री मालिक पर कठोर का कार्यवाही करने की आवश्यकता है। अब देखते हैं एसडीएम कोर्ट में मामला गया है वहां से क्या कार्यवाही की जाती है?

#### सैंपल लेकर भेजे हैं

हमारे द्वारा अक्टूबर 2023 में पानी पाउच के सैंपल गणपति इंडस्ट्रीज से लिए जिसमें कैल्शियम की मात्रा कम है मैं 2024 में दोबारा सैंपल लेकर भेजे है जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है, हमने मामला एडीएम कोर्ट में दायर किया है इस मामले में जीरो से 500000 तक जुर्माना हो सकता है यदि किसी के स्वास्थ्य को नुकसान हुआ होता तो सजा का प्रावधान है।

**कमलेश दियाबार,** खाद्य एवं औषधि सुरक्षा अधिकारी नर्मदापुरम

#### वरिष्ठ भाजपा नेता माहेश्वरी का निधन



**माखन नगर।** गजानंद, भगवादास, मधुसूदन, संतोष माहेश्वरी के बड़े भाई एवं अनिल,अरविंद महेश्वरी के पिताजी सत्यनारायणजी माहेश्वरी का निधन गुरुवार दोपहर में हो गया वह काफी दिनों से अस्वस्थ थे। सत्यनारायण माहेश्वरी आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे जिनकी अंतिम निज निवासी शुक्रवार सुबह 8 बजे निकाली जाएगी स्थानीय मुक्ति धाम मैं अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## सांडिया रोड पर वृक्षों की कटाई पर रोक वन विभाग पक्षियों को करेगा संरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पिपरिया नगर पालिका परिषद में नगर के मुख्य मार्गों को कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से सीमेंट रोड शोभापुर रोड सांडिया रोड पचमढ़ी रोड को लिया गया है। वर्तमान में सांडिया रोड पर सड़क का निर्माण पलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। जो सैलरी से प्रारंभ होकर मंगलवार चौराहे तक सड़क का निर्माण किया जावेगा जो दोनों तरफ से काफी चौड़ी हो रही है तथा नाली का निर्माण भी किया जा रहा है। निर्माण के दौरान बीच में बाधा बन रहे पेड़ों को भी काटा जा रहा है। लेकिन अचानक अभी संसद के चुनाव में कांग्रेस के कार्यालय बने भवन के सामने नीम के पेड़ की कटाई की गई थी। मार्ग के दोनों तरफ पाया गया कि उक्त पेड़ों में पक्षियों के घोंसले बनाए गए थे। बगैर देखे पेड़ कटाई होने पर घोंसला होने पर पक्षियों की मृत्यु हो गई जिनमें कई पक्षियों के बच्चे भी मृत्यु को प्राप्त हो गए। इस बात को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर जारी किया गया मुद्दा सोशल मीडिया पर आने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल तत्काल मौके पर पहुंची और उन्होंने हालात को देखते हुए तत्काल कटाई पर रोक लगाई रोक लगाने के बाद यह निर्देश दिए गए की आगे का कार्य प्रारंभ किया जावे जब तक पक्षियों की विस्थापन की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक पेड़ों की कटाई नहीं जाएगी। इस दौरान कांग्रेस जनों के द्वारा वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुमार खोबरागड़े को मौके पर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान वन परिक्षेत्र बफर अधिकारी जेएस डेहरिया भी मौके पर मौजूद थे। एसडीओ ने बताया कि वन प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रजनन काल में संरक्षित किया जाता है परंतु यहां पर ऐसा नगर पालिका के द्वारा नहीं किया गया है जिसे वन विभाग के द्वारा संरक्षित किया जाएगा।

#### कॉलेज में मनाया जाएगा 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह

**माखन नगर।** हायर सेकेंडरी स्कूल उत्तीर्ण करने के बाद हर विधार्थियों का सपना होता है और एक सुखद अनुभूति होती है महाविद्यालय में अध्ययन करने की, और मन में जिज्ञासा होती है कि हमने जहां प्रवेश लिया है वह उच्च शिक्षण संस्थान यानि कि हमारा महाविद्यालय कैसा होगा,बदला हुआ स्टाफ, बदला हुआ वातावरण इन्हीं सब विधार्थियों की मानसिकता को समझते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने इस वर्ष से तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह मनाए जाने हेतु म्प्र के समस्त महाविद्यालय को दीक्षारंभ/प्रवेशउत्सव मनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में आने वाले नए विधार्थियों को नए प्रवेश में सहज महसूस करने उनके संस्थान की प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने और पूर्व से अध्यनरत विधार्थियों के साथ परिचय कराकर स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अभिप्रेरण कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस यानी 1 जुलाई को प्रातः 9 बजे नव प्रवेशित विधार्थियों का स्वागत समारोह ,महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण संस्थान का परिचय के साथ ही मुख्य अतिथि का उद्बोधन ,महाविद्यालय स्टाफ से परिचय नई शिक्षा नीति 2020से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा।

#### सीएसी वर्चुअल ट्रेनिंग से जुड़े



**माखन नगर।** प्रदेश में चल रही सीएसी की ट्रैनिंग की वर्चुअल के माध्यम से गुरूवार को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आयुक्त धनराजू द्वारा फीडबैक का ओरिएंटेशन किया गया। जिसमें नर्मदापुरम की ओर अमजद खान सीएसी माखन नगर द्वारा डाइट सीहोर का प्रतिनिधित्व किया गया। जिसमे जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सीहोर एवं समस्त मास्टर ट्रेनर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## अटल पार्क के पास भारी वाहनों की आवाजाही से नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



अटल पार्क के पश्चिमी द्वार पर स्थित एक हार्डवेयर दुकान पर कुछ दिन की रोक के बाद पुनः प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहनों की आवाजाही प्रारंभ हो गयी है। दुकान संचालक का एक छात्र नेता से विवाद के बाद पुलिस हरकत में आयी थी और भारी वाहनों का प्रवेश बंद कराया था। इधर पुलिस दूसरे काम में व्यस्त हो गयी और वहां फिर से प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहन लोहा लेकर दुकान के सामने खड़े होकर रोड जाम करने लगे। दुकान कम गोदाम में जब माल उतारा जाता है तो घंटों यह रोड बंद कर दी जाती है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता विनायक दुबे का किसी बात को लेकर अग्रवाल संचालक से विवाद हुआ था। संगठन ने पुलिस को ज्ञापन देकर यहां प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहनों के प्रवेश की जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की थी। ट्रैफिक पुलिस ने उस दौरान दो-तीन दिन लगातार संचालक को समझाइश दी और ट्रक जब्त भी किया था। अब दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद ट्रैफिक पुलिस भी बेफिक्र हो गयी और प्रतिबंधित अवधि में पुनः यहां लोहे से भरे वाहन दिन में ही आकर खाली होने लगे हैं।

#### समझौता और नियम अलग-अलग

लगता है कि दुकान संचालक ने समझौता को ही अपने लिए हर प्रकार की छूट समझ ली। सुबह 9 से रात 9 बजे तक शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है, इसे न सिर्फ यही दुकान संचालक बल्कि अन्य ट्रांसपोर्ट संचालक भी नहीं मान रहे हैं। कतिपय ट्रैफिक कर्मचारियों को इनके यहां जाकर बैठते और दोस्ती निभाते भी देखा गया है, यही कारण है कि इनके हौसले बुलंद रहते है। ट्रैफिक पुलिस भी इस ओर कुछ दिन ध्यान देकर फिर भूल जाती है।

## नदी नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरक्षण किया तथा सीएमओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिए दोपहर में नगर पालिका के अमले के साथ एसडीएम ने वार्ड क्रं. 3 दुर्गा कॉलोनी, वार्ड क्रं. 14 पत्थर पुल के पास गोटियापुरा, वार्ड क्रं. 12 नगर पालिका के पीछे, वार्ड क्रं. 7 भीलपुरा नाला मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 9 शहीद पटेल कॉलोनी आदि का निरक्षण किया नगर पालिका के पीछे कंदेली नदी के किनारे पर अतिक्रमण करके मकान बना लिए हैं सीएमओ को तत्काल नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया बरसात के पूर्व नदी नालों की साफ सफाई नहीं कराई गई है एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा सीएमओ को नोटिस देने के लिए, निर्देशित किया पत्थर पुल के पास भी नाले की सफाई नहीं की गई है पूरे नाले पर पेड़ पौधे उग रहे हैं निरीक्षण के समय तहसीलदार राकेश खजुरिया, सीएमओ शीतल भलावी, राजस्व निरीक्षक अमर सिंह उईके, पटवारी महेंद्र मेहरा एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पलिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)**
**Muncipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram**

क्र/न.पा./राजस्व/2024/170 पिपरिया दिनांक 27.06.2024

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वमित्व के मंडी रोड सरदार वार्ड की ओर खसरा नं. 380/2 की भूमि में स्थित प्लाट के लिये नियमानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित हैं।

| क्र. | प्लाटों का विवरण | प्रा.राशि | थरोहर राशि | विवरण फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित ब्लाक ए में प्लाट नंबर 2 | 13.50 Lakh | 10,000/- | 2000/-रू प्लस जी.एस.टी. |
| 2 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित ब्लाक ए में प्लाट नंबर 3 | 15.00 Lakh | 12,000/- | 2000/-रू प्लस जी.एस.टी. |
| 3 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित ब्लाक ए में प्लाट नंबर 12 | 30.00 Lakh | 23,000/- | 5000/-रू प्लस जी.एस.टी. |
| 4 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित ब्लाक ए में प्लाट नंबर 14 | 25.00 Lakh | 19,000/- | 5000/-रू प्लस जी.एस.टी. |
| 5 | मंडी रोड सरदार वार्ड खसरा न. 380/2 की भूमि में स्थित ब्लाक ए में प्लाट नंबर 15 | 25.00 Lakh | 19,000/- | 5000/-रू प्लस जी.एस.टी. |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 28.06.2024 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 13.07.2024 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 15.07.2024 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

### सड़क पर जल भराव से लोगों को आवाजाही में हो रही परेशानी

# हल्की बारिश के बाद हाईवे बन गया जलाशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नगर के मध्य से गुजरने वाले स्टेट हाईवे 22 पर इन दोनों कुछ जगह पर सड़क जलाशय में तब्दील हो गई है जिससे राहगीरों और नागरिकों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अंग्रेजी शराब दुकान के सामने और पलकमति नदी पुल के पास स्टेट हाईवे पर बारिश होने के बाद सड़क जलाशय में तब्दील हो जाता है ऐसा नजारा प्रतिदिन देखने को मिलता है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन इस और ध्यान नहीं दिया गया। पलकमति पुल के पास नगर परिषद द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क के मरम्मतीकरण के दौरान भी इस बात का ध्यान नहीं दिया गया कि बारिश के समय पर यहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। वही पुरानी अंग्रेजी शराब दुकान के सामने स्टेट हाईवे पर पिछले साल की यथास्थिति इस बार भी सड़क पर पानी भरना निरन्तर जारी है। यहां साल बीत जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा इस समस्या को हल करना का कोई प्रयास नहीं किया गया। कुछ दिन पहले जब मानसून की शुरुआत हुई तब प्रशासन का ध्यान इस और गया और हाईवे किनारे से एक बड़ी नाली की खुदाई का कार्य शुरू हुआ जो कि अभी तक अधर में पड़ा हुआ है। प्रशासन की इस लापरवाही के चलते राहगीर सड़क पर बने जलाशय में घायल होने को मजबूर है,वही नागरिकों द्वारा इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही हैं।

नागरिकों का कहना है कि यदि यही हालात बने रहे तो आगामी दिनों में और अधिक तेज बारिश होने की स्थिति में हो सकता है कि हाईवे पर वाहनों की जगह नाव का उपयोग करना पड़ सकता है। जहां पर लोग परिवहन करने के बजाय वोटिंग का मजा ले सकते हैं। लोग चुटकी भरे अंदाज में कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि शायद शासन द्वारा पिछले दिनों चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान नगर में स्टेट हाईवे 22 पर सफल होता दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### 1 अक्टूबर तक रेत का उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मानसून सत्र की अवधि में 30 जून की मध्य रात्रि से 1 अक्टूबर तक जिले की सभी रेत खदानों से रेत खनन पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। उन्होने बताया कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सस्टेनेबल सेंड माइनिंग मेनेजमेन्ट गाइडलाइन के पालन में ही यह प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 8 मिमी औसत वर्षा हुई



**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 8.4 मिमी, टिमरनी में 8.2 मिमी, खिरकिया में 8.8 मिमी, रहटगांव में 15 मि.मी. व सिराली में 0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 96.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 158.6 मिमी, टिमरनी में 57.8 मिमी, खिरकिया में 40 मिमी, रहटगांव में 139.4 मिमी व सिराली में 88.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 27 जून तक 106.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है।

### आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाएं

**हरदा।** आकाशीय बिजली से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली से आउटडोर अर्थात बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

### सड़क हादसे में तीन घायल, उपचार जारी

**हरदा।** बुधवार देर शाम मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है, जिन्हें देर रात टिमरनी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के ग्राम कचनार के रहने वाले तीन दोस्त मजदूरी करने के लिए गोंदागांव कला आए हुए थे जहां से मजदूरी करने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान टेमागांव के आगे अजनाल नदी के पुल पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में कचनार निवासी सर्वेश पिता महिलाल धुर्वे, शंकर पिता भगत परते,सुनील पिता बाबूलाल इवने घायल हो गए हैं। जिन्हें राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस से टिमरनी अस्पताल लाया गया।जहां उनकी गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया।

---

### इंदौर-भोपाल हाईवे पर आष्टा के ग्राम किलेरामा के पास हुई दुर्घटना

# हादसाः टैंकर में पीछे से घुसी कार भोपाल निवासी तीन लोगों की मौत

टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।






हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭सीहोर

सीहोर जिले के आष्टा में इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास हादसा हो गया। हादसे में तेज रफ्तार कार पीछे से दूध के टैंकर में जा घुसी और बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा मंगलवार रात 12 से 1 बजे के बीच हुआ। इस हादसे में कार सवार भोपाल के 3 लोगों की मौत हो गई।

#### टैंकर में घुसने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

बताया जा रहा है कि इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास भोपाल से इंदौर की ओर जा रहे एक दूध के टैंकर में पीछे से तेज गति से आ रही कार घुस गई। टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि देर रात ये घटना घटित हुई है।

**भोपाल से इंदौर जा रहा था टैंकर :** इस घटना में कार में सवार महेश ठाकुर, रूपसिंह और सुनील की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों ही भोपाल के रहने वाले थे। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर इन सभी के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। पीएम के बाद इन सभी के शव को परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि पार्वती थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। मिश्रा ने बताया कि जिस दूध के टैंकर में ये कार पीछे से घुसी वह भी भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था।

---

# पुलिस ने एक साथ किया दो अलग-अलग चोरी का खुलासा

### आरोपी के कब्जे से टैबलेट व नकदी 10 रुपए जब्त, आरोपी सूने घरों पर करते थे चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭भैरुंदा




पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने में सफला प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी गणेश मीना निवासी गुलाब विहार कॉलोनी भैरुंदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगा कर अपने ससुराल जिला देवास गया था। 30 अप्रैल के दोपहर करीब 12.30 बजे घर आकर देखा पाया कि पलंग पेटी के अंदर रखे नकदी 70 हजार रुपए नहीं थे। कोई अज्ञात चोर घर सूना देखकर रुपए चोरी कर ले गया। वहीं 23 जून को फारियादी रामदयाल निवासी भाईलाल कॉलोनी ने थाना में जाकर मामला दर्ज कराया और 13 मई को सुबह अपने परिवार के साथ बाहर शादी में गया था। जब वह 15 मई को दोपहर घर आकर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था। जिसके अंदर रखे सोने के जेवर, एक मोबाइल टेबलेट चोरी कर ले गए। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने चोरी की गई समग्री की तलाश व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरुंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई।

24 जून को मुखबिर की सूचना पर आरोपी आयान खान पिता मुबारिक खान उम्र 19 साल निवासी मियां मोहल्ला के पास से से चोरी की गई समग्री, एक लेनेवो कंपनी का टेबलेट व नगदी 10 हजार रुपए आरोपी के पास से जब्त किए गए। आरोपी ने बताया गया कि घटना में उसका एक अन्य साथी भी शामिल हैं। जिसके साथ मिलकर उसने चोरी की थी बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

---

### अच्छी बरसात के लिए इंद्र से की प्रार्थना

# खेतों में हल-बखर चलाकर किया टोटका



**सीहोर।** वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है, कई किसानों ने बोवनी भी कर दी है, परंतु बरसात नहीं होने के कारण किसानों में बेचेनी का महौल बना हुआ है। जिसको लेकर जिससे जो बन रहा है, वह उसी प्रकार इन्द्रदेव को मनाने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में अच्छी वर्षा के लिए महिलाओं ने खेत में हल-बख्खर चलाकर टोटका करते हुए इंद्रदेव भगवान को मनाने के लिए खेतों में हल-बखर चलाते हुए इंद्रदेव भगवान को अपनी देहाती भाषा में गीत गाते हुए प्रार्थना की है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में भी पानी बरसा दीजिए। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि पुराने जमाने में जब वर्षा नहीं होती थी तो ग्रामीण महिलाएं अपने-अपने खेतों में हल-बखर चलाते हुए अनूठे तरीके से टोटका करते थे एवं इंद्रदेव भगवान को मनाते थे और ईश्वर की ऐसी कृपा थी कि अच्छी वर्षा होने लगती थी। दूर दराज में बसे गांवों में बस बुंदा-बांदी ही हुई परन्तु अच्छी बरसात नही हुई है। जिसको लेकर किसान चिंतित है और ग्रामीण महिलाओं के द्वारा अपने-अपने खेतों में हल-बखर चलाकर, भजन गाते हुए इंद्रदेव भगवान की प्रार्थना की जा रही है। ग्रामीण महिलाएं तरह-तरह का टोटका करके गीत भजन गाते हुए पुराने जमाने की परंपरा के अनुसार इंद्रदेव भगवान से प्रार्थना कर रही है कि इंद्रदेव भगवान हमारे ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट है इस समय पीने के पानी का भी संकट है और हमारे इधर बरसात नहीं हुई है। अभी खेतों की बोनी भी नहीं हुई है हुए ट्यूबवेल, कुओं, नदी आदि सुखे पड़े हैं। हम पर कृपा कीजिए ऐसी महिलाओं ने गीत भजन गाते हुए इंद्रदेव भगवान की प्रार्थना की।

---

# चयनित 50 ग्रामों के सर्वे में पाई कमियों को दूर करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



महिलाओं एवं 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन इस माह से विशेष अभियान प्रारम्भ करने जा रहा है। इस अभियान के तहत बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य तथा महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वरोजगार सहित उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अभियान के लिए जिले के चयनित 50 ग्रामों में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के मैदानी अमले द्वारा संयुक्त सर्वे कर हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा रहा है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय टिमरनी में अभियान के तहत सर्वे कार्य की समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश बड़ोले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलवन्त पटेल सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी व ग्रामों में सर्वे करने वाले कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया कि सर्वे के पश्चात तैयार रिपोर्ट का विश्लेषण करें तथा सर्वे के दौरान क्षेत्र में जो कमियां पाई गई है, उन्हें दूर करने के लिये संयुक्त रूप से प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विजय सिंह भिलाला को कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत टिमरनी तहसील के 23 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है। इन ग्रामों में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास व ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा घर-घर जाकर सर्वे कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी ग्रामों में आधार कार्ड बनाने का कार्य भी शतप्रतिशत पूर्ण किया जाए।

---

**कलेक्टर ने जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश**

# बैरागढ़ विस्फोट प्रभावित सभी पीड़ित परिवारों को हर सुविधा उपलब्ध कराएं



**हरदा।** बैरागढ़ विस्फोट प्रभावित सभी पीड़ित परिवारों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में सभी अधिकारियों को दिये। उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों को गैस चूल्हा व सिलेण्डर उपलब्ध कराया जाए। पीड़ित परिवारों के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा के लिए कार्य योजना बनाई जाए। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुमार शानु देवड़िया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि डोर टू डोर सर्वे कर रूटिन चेक अप करें तथा जो व्यक्ति रैफर किये गये थे, उनका नियमित रूप से फालोअप लें। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। उन्होने निर्देशित किया कि बैरागढ़ विस्फोट प्रभावित परिवारों के सदस्यों को उनकी योग्यता व क्षमता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास करें। साथ ही इन परिवारों को स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करें।

---

## आईजी ने किया पुलिस थाने का निरीक्षण



**हरदा।** पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने गुरूवार को कलेक्टर आदित्य सिंह व एसपी अभिनव चौकसे के साथ पुलिस थाना टिमरनी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित पुलिस जवानों से चर्चा कर उन्हें नवीन आपराधिक कानून 2023 की धाराओं व उपधाराओं के प्रावधानों की जानकारी दी।

---

### गगन जनसेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया था

# निःशुल्क कान, नाक, गला जांच शिविर आयोजित 300 रोगियों की हुई फ्री जांच व दवाई भी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क रूप से स्वास्थ्य की जांच, भोजन-प्रसादी और शीतल पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अंतर्गत बुधवार को गगन जनसेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया था। स्वयं गुरुदेव इस मौके पर उपस्थित रहे और यहां पर मौजूद विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, मनोज दीक्षित मामा, सौभाग्य मिश्रा, यश अग्रवाल, रविन्द्र नायक, भूपेन्द्र शर्मा, सतीश सेन, बंटी परिहार आदि ने शिविर में शामिल हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एलएन नामदेव, डॉ. प्रिया सोनी, प्रीतम वर्मा, अरविन्द योगी और दीपक वर्मा आदि शामिल थे। बुधवार की सुबह नौ बजे से एक दिवसीय निशुल्क कान, नाक, गला जांच शिविर आयोजित किया। शिविर मे 300 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. नामदेव ने नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों ने मरीजों के कान नाक व गले की जांच कर परामर्श दिया और निशुल्क दवाईयों का वितरण किया।

**हर सप्ताह आयोजित होता शिविर :** समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि यहां पर धाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना तो की गई है। इसके अलावा हर सप्ताह समिति के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बुधवार को भी यहां पर निशुल्क नाक, कान और गले के अलावा दंत चिकित्सकों के द्वारा जांच और दवाई का वितरण किया गया था। यहां पर आने वाले ज्यादातर मरीज कान बहना, कान के पर्दे और नस में दिक्कत, चक्कर आना, कम सुनना, नाक बंद होना, नाक से खून आना, बार-बार छींके आना, नाक की हड्डी और मांस बढन्ना आदि समस्याएं थीं। मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मरीजों में दांतों में पायरिया, मसूड़ों में सडन्न, मुख में दुर्गंध आना, दांतों में ठंडा-गर्म लगना आदि समस्याएं थीं।

---

### आरटीई की लॉटरी नहीं खुली, 258 बच्चे वंचित

**सीहोर।** सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है और बच्चे भी स्कूल जाने लगे हैं। लेकिन आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए दूसरे चरण के अते-पते नहीं हैं। करीब ढाई महीने बाद भी दूसरे चरण की लॉटरी नहीं खुल सकी है। इस दूसरे चरण में जिले में 258 विद्यार्थियों को प्रवेश मिलना था।

बता दें कि सभी निजी स्कूलों में गरीब और कमजोर वर्ग के लिए करीब 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाती हैं। लेकिन दूसरे चरण की लॉटरी नहीं खुलने से अभिभावकों को इन गरीब बच्चों को दूसरे स्कूल में एडमिशन दिलाकर पढ़ाना पड़ रहा है। निजी स्कूलों में नया सत्र शुरु होने के साथ ही आरटीई में भी एडमिशन हो सकें, इसके लिए फरवरी के आखिरी दिनों से ही एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन निजी स्कूलों के हाई कोर्ट में जाने के कारण एडमिशन प्रक्रिया बीच में ही रुक गई है।

यही वजह है कि आरटीई के दूसरे चरण की लॉटरी ही नहीं खुली है। सीहोर जिले में भी दूसरे चरण में 258 सीटों के लिए लॉटरी खोलना थी। लेकिन अब लॉटरी कब खुलेगी इस संबंध में स्थानीय अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। बता दें कि इस साल आरटीई के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश संबंधी आदेश में प्रशासन ने कहा गया था कि गैर-सरकारी स्कूलों द्वारा धारा 12 (1) (सी) के तहत आरटीई प्रवेश के लिए सीटें यूडीआईएसई डेटा सत्र 2023-24 के लिए स्कूल द्वारा दर्ज किए गए औसत नामांकन (नर्सरी से कक्षा 1 तक) के आधार पर निर्धारित की जाएगी। इसमें कहा गया था कि 2024-25 के लिए क्लास वन में 25 फीसदी सीटें निशुल्क प्रवेश के लिए आरक्षित होंगी। लेकिन निजी स्कूल संचालक इस बात का विरोध जता रहे थे। उनका कहना है कि प्रवेश स्तर की कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण देने का नियम है।